Progressive Education Society's

Modern College of Arts, Science and Commerce (Autonomous)
Shivajinagar, Pune 05

Program Specific Outcomes

Department of Hindi

Name of the Program : B. A. Hindi Sahitya

After successful completion of B.A. in Hindi Sahitya Program, the student will be able to:

PO No.	Program Outcome
PO1	**Knowledge or Academic Expertise –** i. साहित्य की विविध विधाओं, महान लेखक-कवियों से एवं उनके साहित्य से छात्र अवगत होंगे। ii. पाठयपुस्तकेतर पाठ्यक्रम के द्वारा साहित्येतर क्षेत्रों एवं रोजगारों का परिचय होगा । iii. भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन, सिद्धांतों का ज्ञान छात्रों को प्राप्त होगा ।
PO2	**Inquisitive learner or Involved in Life Long learning –** i. विभिन्न स्थानों- देश-विदेशों में डिजिटल माध्यमों में हिंदी के प्रयोग की जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही उसके प्रति अधिक ज्ञान वृद्धि के लिए वे सचेत होंगे। ii. छात्र मूल्यों के शिक्षण के प्रति अधिक जागरूक और चिकित्सक वृत्ति के बनेंगे। iii. नैतिक शिक्षा प्राप्त कराना और साहित्य के प्रति आदर भाव निर्माण होगा।
PO3	**Social competence –** i. हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम द्वारा छात्र भारतीय समाज-जीवन, संस्कृति, लोकजीवन, परंपरा, भारतीय मूल्य और साहित्य से संबद्ध होंगे। ii. समाज से संबंधित विभिन्न विचारधाराओं का परिचय छात्रों को प्राप्त होगा। – गाँधी दर्शन, दलित विमर्श, नारी विमर्श, आदिवासी विमर्श आदि।

	iii. सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता निर्माण होगी । उदाहरण – पंचपरमेश्वर, मीरा नाची, सिलिया, बहू की विदा, महानगर की मैथिली आदि कहानी एवं एकांकी के माध्यम से।
PO4	**Effective Communication –** i. हिंदी भाषा का विकास अर्थात भाषाविज्ञान के द्वारा विचार-विनिमय के भाषा के प्रमुख माध्यम का सही उपयोग छात्र सीख पाएँगे। ii. पाठ्यक्रम के ‘मनुष्यता’, ‘एक बार फिर आओ’ जैसी कविताओं के माध्यम से छात्र परस्पर सौहार्द्र की भावना सीख पाएँगे। iii. काव्यशास्त्र विषय के द्वारा भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य एवं समीक्षा पद्धति में समन्वय करना अवगत होगा ।
PO5	**Environmental awareness –** i. ‘वैश्विक गाँव के व्यापारी’, ‘अतीत नहीं होती नदी’ जैसे पाठ पर्यावरण के संदर्भ में जागरूकता निर्माण करेंगे। ii. ‘सुख’ तथा अन्य कुछ पाठ छात्रों में प्रकृति के सानिध्य की मनुष्य के लिए आवश्यकता का भाव निर्माण होगा।
PO6	**Digital competence –** i. हिंदी के पाठ्यक्रम में यूनिकोड टाइपिंग तथा विविध हिंदी फोंट्स के सीखने की योजना की गई है । छात्र सरलता से इन्हें सीखकर वर्तमान समय से अद्यतन होते रहेंगे। ii. मुक्त हिंदी सोफ्टवेयर से छात्र अवगत होंगे।
PO7	**Experiential Learning –** i. बैंक और अन्य सरकारी कार्यालयों से संबंधित टिप्पण, आलेखन, पारिभाषिक शब्द, अनुवाद आदि से संबंधित कार्य छात्रों से प्रत्यक्ष कर पाएँगे। ii. इंटर्नशिप, स्वाध्याय, प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप में छात्रों को हिंदी पढ़ाने हेतु पाठशालाओं में भेजना, किसी सरकारी कार्यालय, राजभाषा विभाग में जाकर हिंदी से संबंधित काम करवाना आदि कार्य पाठ्यक्रम से जोड़े गए हैं। नौकरी करते समय जो बातें व्यक्ति बाद में सीखते हैं वह हमारे छात्र विद्यार्थी जीवन में ही सीख पाएँगे। iii. देवनागरी लिपि में प्रत्यक्ष टाइपिंग के कार्य के द्वारा छात्र अधिक अच्छी तरह से भाषा के प्रकार्यों से जुड़ेंगे। साथ ही नई तकनीक से जुड़कर वेब पोर्टल, ई-पत्रिका आदि से संबंधित कार्य करना सीखेंगे।
PO8	**Ethical values –** i. हिंदी के पाठ्यक्रम में समाहित ‘गुदड़ी में लाल’, ‘हार की जीत’ जैसी कहानियों द्वारा स्वाभिमान, ईमानदारी से आचरण की प्रेरणा छात्रों को मिलेगी।

	ii. ‘पुष्प की अभिलाषा’ जैसी कविताओं द्वारा राष्ट्र के प्रति अभिमान और प्रेम की भावना छात्रों में जागृत होती है। iii. ‘कबीरा खड़ा बाजार में’, ‘वीरांगना झलकारी बाई’ रचनाओं द्वारा सामाजिक समता, न्याय की भावना जागृत होगी। iv. प्राचीन काव्य से सदाचरण, भक्ति की उपासना, सांकृतिक -सामाजिक सद्भाव की भावना जागृत होगी। v. संघर्षशील जीवन की प्रेरणा साहित्य और आत्मकथांशों से छात्रों को मिलेगी। (पाठ्यक्रम में समाहित अनेक कविताएँ, सृजन सन्दर्भ पाठ्यपुस्तक में समाहित हिंदी के लेखक-कवियों के आत्मकथांश)
PO9	**Stress management –** i. हिंदी विभाग की फिल्म स्क्रीनिंग की गतिविधि द्वारा पाठ्यक्रम में निर्धारित हिंदी साहित्य पर बनी फिल्मों को देखकर उनकी समीक्षा करते हुए साहित्य और फिल्म का अंतर समझने की क्रिया छात्रों से होगी। ii. सुख, वही की वही बात, मेरा ज्ञान- मेरा अज्ञान, वैश्विक गाँव के व्यापारी, व्यापारे वसति लक्ष्मी:, आदि हास्य-व्यंग्यपरक पाठों से छात्रों को सहज, सरल रूप में ज्ञान की बातें सीखनी को मिलेगी। iii. मेरा ज्ञान- मेरा अज्ञान जैसे पाठों से छात्रों को व्यवहार ज्ञान की शिक्षा मिलेगी।
PO10	**Extramural Skills –** i. साहित्यिक फिल्म, कहानी, उपन्यास, नाटक आदि विधाओं की समीक्षा करना छात्र सीख पाएँगे। ii. आलोचना के विभिन्न प्रकार तथा वर्तमान समय में उसकी विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता की जानकरी प्राप्त होगी। iii. डिजिटल हिंदी के साथ जुड़कर कार्य करने के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। iv. बैंक और अन्य क्षेत्रों से संबंधित कार्य का परिचय मिलेगा। v. भाषा शिक्षण के द्वारा गीत साहित्य में अभिरुचि का निर्माण होगा। vi. भाषा – कौशल के विभिन्न स्त्रोतों की जानकारी भाषा शिक्षण के माध्यम से छात्रों को प्राप्त होगी , जिससे उनके व्यक्तित्व विकास में सहायता होगी।